दिनांक 18.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 579 / 2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त 'व्यापक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम' का भव्य शुभारंभ

राज्य की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 18 नवम्बर, 2026 को पुलिस लाइंस, लखनऊ में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में **'व्यापक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम'** (Comprehensive Capacity Building Training Program) का **शुभारंभ मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा किया गया।

इस **संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य** उत्तर प्रदेश पुलिस की आतंकवाद निरोधक क्षमताओं, विशेष अभियान कौशल एवं परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करना तथा NSG एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच बेहतर समन्वय, विशेषज्ञता एवं कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान करना है।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि बदलती सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक, प्रभावी रणनीति, त्वरित निर्णय क्षमता तथा सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि NSG एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का यह संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम दोनों बलों की परिचालन क्षमता एवं आपसी समन्वय को नई मजबूती प्रदान करेगा।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस की क्षमताओं में वृद्धि के लिए प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधनों एवं तकनीकी दक्षता पर विशेष जोर दिया गया है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की स्थापना, 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के अंतर्गत 15 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा यूपी-112 के रिस्पॉन्स टाइम में उल्लेखनीय सुधार किया गया है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में ATS की 21 फील्ड यूनिट्स कार्यरत हैं, जिनमें वर्ष 2017 के बाद 10 नई यूनिट्स स्थापित की गई हैं। यूपी ATS ने अपनी समर्पित महिला कमांडो टीम को SPOT (Special Police Operations Team) का अभिन्न हिस्सा बनाया है। ATS में अवैध धर्मांतरण सेल, क्रिप्टो एनालिसिस विंग एवं साइबर ऑप्स जैसी विशेष इकाइयों का गठन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध, हवाला नेटवर्क तथा क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से संचालित गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के समक्ष नई चुनौतियां प्रस्तुत कर रही हैं, जिनसे निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों का तकनीकी रूप से दक्ष एवं आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित होना आवश्यक है।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने अयोध्या में NSG टास्क फोर्स की तैनाती तथा मिल्कीपुर में NSG हब की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पहल उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत की आतंकवाद निरोधक तैयारियों एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करेंगी। उन्होंने

ऑपरेशनल कैपेबिलिटी डेमोंस्ट्रेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कमांडोज को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की सामूहिक क्षमता को और मजबूत करेगा।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण ने मीडिया से वार्ता के दौरान बताया कि NSG एक अत्यंत विशिष्ट एवं विशेषज्ञता प्राप्त सुरक्षा बल है। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (ATS) का NSG के साथ सदैव निकट समन्वय रहा है। ATS के अंतर्गत कार्यरत SPOT कमांडोज की प्रशिक्षण क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह एक माह का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक, नवीन प्रशिक्षण पद्धतियों, अद्यतन SOPs एवं रणनीतियों के संबंध में अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। विभिन्न प्रैक्टिस सेशंस के माध्यम से दोनों बलों की परिचालन क्षमताओं को और विकसित किया जाएगा। मा0 मुख्यमंत्री जी एवं महानिदेशक NSG की उपस्थिति में आयोजित ऑपरेशनल कैपेबिलिटी डेमोंस्ट्रेशन में उत्तर प्रदेश पुलिस, NSG एवं ATS की क्षमताओं की एक झलक प्रस्तुत की गई। इन क्षमताओं को और अधिक उन्नत एवं प्रभावी बनाने के लिए आगामी एक माह तक साझा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा, जिसमें सिक्योरिटी ब्रांच के कर्मियों एवं ATS के SPOT कमांडोज को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश पुलिस की क्षमता संवर्द्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

महानिदेशक, NSG श्री भृगु श्रीनिवासन ने अपने संबोधन में मा0 मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि **गृह मंत्रालय की 'प्रहार' नीति** के अंतर्गत NSG द्वारा देशभर में आतंकवाद निरोधक क्षमता निर्माण की पहल संचालित की जा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस के चयनित पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने काउंटर टेररिज्म, काउंटर ड्रोन, काउंटर हाईजैक, बम डिटेक्शन एवं डिस्पोजल, K-9 तथा वीआईपी सुरक्षा सहित विशेषीकृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से दोनों बलों की विशेषज्ञता एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान पर जोर दिया।

महानिदेशक NSG ने अयोध्या में नई NSG टास्क फोर्स की स्थापना हेतु 08 एकड़ तथा मिल्कीपुर में NSG हब की स्थापना के लिए 65 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने पर मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया । उन्होंने बताया कि अयोध्या में NSG टास्क फोर्स की तैनाती हो चुकी है तथा मिल्कीपुर में NSG हब की स्थापना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। ये दोनों पहल उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को और मजबूती प्रदान करेंगी।

अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था श्री अमिताभ यश ने अपने संबोधन में मा0 मुख्यमंत्री जी का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस के आधुनिकीकरण, प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन के प्रति उनका निरंतर मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, संगठित अपराध, संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा एवं बड़े सार्वजनिक आयोजनों के प्रबंधन जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित, प्रशिक्षित एवं त्वरित निर्णय लेने में सक्षम पुलिस बल के साथ विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है।

उन्होंने नवंबर 2025 में वाराणसी के रविदास घाट पर NSG, भारतीय वायुसेना, उत्तर प्रदेश पुलिस एवं NDRF द्वारा आयोजित संयुक्त मॉक ड्रिल तथा अगस्त 2026 में NSG, वाराणसी पुलिस एवं ATS द्वारा किए गए संयुक्त अभ्यास का उल्लेख किया। इन अभ्यासों में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच

समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया, VVIP काफिले की सुरक्षित आवाजाही, आपातकालीन निकासी एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया।

उन्होंने महाकुम्भ-2025 को सामूहिक क्षमता एवं बेहतर सुरक्षा समन्वय का महत्वपूर्ण उदाहरण बताते हुए कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त तैयारी, प्रशिक्षण, पूर्व नियोजन एवं स्पष्ट जिम्मेदारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे पुलिसकर्मियों से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में करने तथा अपनी कार्यक्षमता एवं दक्षता को और बेहतर बनाने का आह्वान किया।

<u>प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण एवं प्रतिभागियों की संख्या</u>

NSG द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की आतंकवाद निरोधक क्षमताओं, विशेष अभियान कौशल एवं परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 18 नवम्बर, 2026 से 18 दिसम्बर, 2026 तक लगभग एक माह का व्यापक क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 10 विशेषीकृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में लगभग 690 कार्मिक प्रतिभाग करेंगे। इनमें ATS/SPOT के 260, सुरक्षा विभाग के 240, STF के 10 तथा SSF के 30 कार्मिक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त NSG एवं ATS/SPOT के 150 कार्मिक संयुक्त अभ्यास एवं मॉक ड्रिल में प्रतिभाग करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (PSO) प्रशिक्षण, टैक्टिकल ड्राइविंग, अर्बन असॉल्ट कोर्स (UAC), स्नाइपर प्रशिक्षण, काउंटर ड्रोन, K-9 (श्वान दस्ता), काउंटर IED, कस्टमाइज्ड काउंटर टेररिज्म (CT) तथा होस्टेज नेगोशिएशन जैसे महत्वपूर्ण एवं विशेषीकृत पाठ्यक्रम शामिल हैं। अधिकांश प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की अवधि दो सप्ताह निर्धारित की गई है। इनके माध्यम से कार्मिकों को आधुनिक आतंकवाद निरोधक तकनीकों, विशेष अभियानों, सुरक्षा प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

<u>NSG द्वारा ऑपरेशनल कैपेबिलिटी डेमोंस्ट्रेशन में प्रदर्शित की गईं विशेष परिचालन क्षमताएं</u>

कार्यक्रम के दौरान NSG द्वारा आयोजित ऑपरेशनल कैपेबिलिटी डेमोंस्ट्रेशन में विशेष सामरिक एवं परिचालन कौशल का प्रदर्शन किया गया। इसमें निम्नलिखित गतिविधियां शामिल रहीं—

MI-17 हेलीकॉप्टर द्वारा स्लिदरिंग।
स्पेशल एंट्री तकनीक का टॉप डाउन प्रदर्शन।
HIT's द्वारा बिल्डिंग इंटरवेंशन।
K-9 डेमो।
UAC डेमो एवं क्राव-मागा प्रदर्शन।
RSP का प्रदर्शन।
VVIP सुरक्षा एवं टैक्टिकल ड्राइविंग प्रदर्शन।
एंटी-ड्रोन प्रदर्शन।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव (गृह) श्री संजय प्रसाद, NSG के IG (ऑपरेशन) मेजर जनरल श्री मुकेश भनवाला, IG ATS श्री प्रेम गौतम सहित NSG एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण, प्रशिक्षक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


लखनऊ पुलिस


पुलिस










NSG




COMMANDO
NSG
NSG



दिनांक 18.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 580/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद सोनभद्र/थाना रॉबर्ट्सगंज

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 87 हजार 200 रूपये नगद**
- **लगभग 02 लाख 10 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण**
- **03 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन आदि बरामद**

दिनांक 17-11-2026 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सहिजन खुर्द के पास से अभियुक्त 1–किशन कुमार सहित 6 अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 87 हजार 200 रूपये नगद, लगभग 02 लाख 10 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण, 03 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–किशन कुमार निवासी ग्राम कुरांव सिधुवापार थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर।

2– 06 अभियुक्ता।

बरामदगी

1—चोरी के 01 लाख 87 हजार 200 रूपये नगद।

2—लगभग 02 लाख 10 हजार रूपये कीमत की पीली धातु के आभूषण।

3—03 मोबाइल फोन।

4—घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन आदि।

जनपद आजमगढ़/थाना दीदारगंज

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 30 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 18-11-2026 को थाना दीदारगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सोंगर पुलिया ग्राम भादो के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त अशोक कुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 30 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15/16-11-2026 की रात्रि थाना दीदारगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना दीदारगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना दीदरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—अशोक कुमार निवासी ग्राम बनगांव थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़।

बरामदगी

1—लगभग 30 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण आदि।

जनपद फिरोजाबाद/थाना मटसेना

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **12 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **02 खोखा कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 17-11-2026 की रात्रि थाना मटसेना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम अगरूपुरा, करकौली पौधशाला के पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–चेतराम 2–सूरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 12 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 खोखा कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त चेतराम के विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग एवं अभियुक्त सूरज के विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानो में आर्म्स एक्ट आदि के 03 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मटसेना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–चेतराम निवासी ग्राम अगरूकापुरा थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।

2–सूरज निवासी आशाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी

1–12 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2–02 खोखा कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

- **<u>जनपद बलिया/थाना रसड़ा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बलिया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बलिया द्वारा थाना रसड़ा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304(1) भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त विशाल कुमार को आजीवन कारावास व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बस्ती/थाना मुंडेरवा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 28 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बस्ती द्वारा थाना मुंडेरवा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त नेपाली उर्फ सनोज कुमार को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 28 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद औरैया/थाना बिधूना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तो को 07–07 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 17–17 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद औरैया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद औरैया द्वारा थाना बिधूना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 498ए/304बी/316/328 भादवि व 4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–राज उर्फ राजा 2–सुरेश 3–02 अभियुक्ता को 07–07 वर्ष के कठोर कारावास व 17–17 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

दिनांक 18.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 581 / 2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की लखनऊ इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 18.11.2026 को **भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की लखनऊ इकाई** द्वारा प्रशान्त कुमार सिंह निवासी गौराबाग एल्डिको चौराहा लखनऊ से टेण्डर के अनुसार खरीदारी किये गये जनरेटर के बिल भुगतान सम्बन्धी फाइल को आगे बढ़ाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक टी.पी. वर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका कार्यालय विलग्राम से **वरिष्ठ लिपिक रूपेश खन्ना (नगर पालिका विलग्राम)** पुत्र स्व0 सतगुरू शरण खन्ना कस्बा व थाना विलग्राम जनपद हरदोई को **50 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

———————